जालौन पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

Meticulous Investigation & Prosecution

#OperationConviction

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।

कोतवाली जालौन क्षेत्रान्तर्गत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते हुये पकड़े जाने पर अभियुक्त बब्लू नट पुत्र पीर मोहम्मद निवासी ग्राम धन्तौली थाना जालौन जनपद जालौन के विरूद्ध थाना जालौन में मु0अ0सं0 428/2023 (वाद संख्या – 15/2014) धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत हुआ था, जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

जालौन पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये दिनांक 08.07.2024 को मा0 न्यायालय एडीजे/एफटीसी/एनडीपीएस कोर्ट उरई, जनपद जालौन द्वारा अभियुक्त बब्लू नट उपरोक्त को दोषी पाते हुये जेल में बितायी गयी अवधि एवं 5,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 13.02.2024 को आरोप विचारण के बाद अभियुक्त को (करीब 06 माह) में दण्डित किया गया।